# तेरी जय हो बाछल रानी | By Pooja Shrivastava

तूने जन्मा वीर वरदानी
तेरी जय हो बाछल रानी

आशा का तूने दीप जलाया
गोरखनाथ को तूने मनाया
तेरी विनती गुरु ने मानी
तेरी जय हो बाछल रानी
तूने जन्मा वीर वरदानी
तेरी जय हो बाछल रानी

गोरखनाथ ने अलख जगाया
सूखा नौलख बाग़ खिलाया
निकला कुवे से पानी
तेरी जय हो बाछल रानी
तूने जन्मा वीर वरदानी
तेरी जय हो बाछल रानी

गोरख जी से गूगल पाया
गोद में तूने लाल खिलाया
जग ज़ाहिर तेरी कहानी
तेरी जय हो बाछल रानी
तूने जन्मा वीर वरदानी
तेरी जय हो बाछल रानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%9b%e0%a4%b2-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-pooja-shrivastava/